:: कार्यालय ::
भवानी मढ़िया चौक, विवेकानंद वार्ड
सिवनी (म.प्र.)
मो. नं. 9424904152

पार्षद
राजेश (राजू) यादव
विवेकानंद वार्ड 17 सिवनी (म.प्र.)
नगर उपाध्यक्ष भाजपा दक्षिण मंडल

क्र.... दिनांक 13.09.2024

प्रति,

माननीय कलेक्टर महोदया,
जिला — सिवनी (म.प्र.)

विषय :— दिनांक 10 सितंबर को हुई विवेकानंद वार्ड में जल भराव की समीक्षा एवं जांच करके दोषियों को सजा देने बाबत्।

महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि मैं राजेश राजू यादव विवेकानंद वार्ड क्रमांक 17 से पार्षद हूं। विदित होवे की मेरा क्षेत्र में एक हिस्सा निचले (डूब) क्षेत्र में आता है जहां बारिश के चलते कभी—कभार जल भराव की स्थिति होती थी, किन्तु नपा की गलती से इस बार जल भराव ने बाढ़ का रूप ले लिया । मेरे द्वारा नगर पालिका सिवनी के इंजीनियर संतोष तिवारी से पूर्व में निवेदन भी किया गया था कि मठ तालाब में पिचिंग निर्माण हेतु मठ मंदिर के बाई और से जो ओवर फ्लो को चौड़ा कर पानी बहाया जा रहा है, उसे बंद किया जाए क्योंकि यह पानी रिटर्न होकर डूब क्षेत्र में भरेगा किंतु नगर पालिका के इंजीनियर संतोष तिवारी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया और इसके चलते वर्तमान में पूरे वार्ड में जल भराव की स्थिति बनी । जिससे कि शासन प्रशासन एवं आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मठ तालाब में निर्माण कार्य कर रही सीता एसोसिएट के द्वारा बिना किसी पूर्व अनुमति के तालाब के ओवर फ्लो को चौड़ा किया गया है जिसके कारण ये जल भराव हुआ, इन पर भी कार्यवाही अपेक्षित है।

मेरे द्वारा पूर्व में भी मांग की गई थी कि वर्तमान में जो नाला निर्माण हुआ है, उसे आगे तक बढ़ाया जाए किंतु रेलवे प्रशासन के द्वारा इस नाला निर्माण को लेकर अनुमति नहीं दी जा रही थी और रेलवे की दीवार के कारण भी जल भराव की स्थिति बनी हुई है, अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह परिस्थिति आगे भी बनी रहेगी । आपसे निवेदन है कि नगर पालिका प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन को संयुक्त रूप से बैठक कर इस समस्या का तुरंत हल किया जाए एवं जो घटना घटित हुई है उस पर जांच करने के पश्चात दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए जिससे कि आगे भविष्य में ऐसी कोई घटना घटित ना हो।

कृ.प.उ.... 2

कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत
किया गया।
(कार्यालय कलेक्टर stamp) 13.09.24

:: कार्यालय ::
भवानी मढ़िया चौक, विवेकानंद वार्ड
सिवनी (म.प्र.)
मो. नं. 9424904152

पार्षद
राजेश (राजू) यादव
विवेकानंद वार्ड 17 सिवनी (म.प्र.)
नगर उपाध्यक्ष भाजपा दक्षिण मंडल

क्र.... दिनांक........................

महोदय जी, इस पत्र के साथ तालाब की वर्तमान स्थित के फोटोग्राफ्स भी संलग्न है, जिससे प्रतीत होता है कि इतनी अत्याधिक मात्रा में वर्षा होने के उपरांत भी तालाब का स्तर निम्न (कम) है, जिससे स्पष्ट है कि इंजीनियर संतोष तिवारी के द्वारा तालाब का ओवर फ्लो को ठीक तरीके से बंद नहीं कराया गया है । इसी संबंध में नगर पालिका परिषद द्वारा मे. सीता एसोसिएट को नोटिस पत्र जारी किया गया है, जिसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उक्त फर्म व इंजीनियर संतोष तिवारी के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरतते हुए कार्य ठीक तरीके से नहीं कराया गया है ।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि उक्त तालाब के ओवर फ्लो को ठीक तरीके से बंद करवाकर, इंजीनियर संतोष तिवारी के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की कृपा करें, ताकि भविष्य में ऐसी गलती की पुनरावृत्ति ना हो सकें ।

महोदय जी, उक्त समस्या का समाधान 05 दिनो के भीतर नहीं किया जाता है तो मुझे मजबूरन वार्डवासियों के साथ आमरण अनशन पर बैठना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन—प्रशासन की होगी ।

प्रतिलिपि :—
1. माननीय डॉ.मोहन यादव जी, मुख्यमंत्री महोदय म.प्र. शासन, भोपाल ।
2. माननीय कैलाश विजयवर्गीय जी, नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री, म.प्र.शासन, भोपाल।
3. श्रीमान आयुक्त महोदय, नगरीय प्रशासन विभाग, भोपाल (म.प्र.)

संलग्न :—
1. तालाब के फोटोग्राफ्स ।
2. तालाब के कायाकल्प का वर्कऑर्डर ।
3. नपा द्वारा जारी नोटिस पत्र ।

सिवनी, दिनांक :— 13.09.2024

भवदीय
(हस्ताक्षर)
राजेश (राजू) यादव
पार्षद
(पार्षद राजेश (राजू) ... विवेकानंद वार्ड क्र... stamp)